**खबर संक्षेप**

## गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति 15 अप्रैल तक

**कटनी।** किसानों के हित में (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) गिरदावरी में संशोधन एवं दावा-आपत्ति करने की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। इससे किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिये कराये गये पंजीयन की जानकारी और गिरदावरी की जानकारी में आ रहे अंतर में सुधार करवा सकेंगे। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये किसानों द्वारा कराये गये पंजीयन में दी गई जानकारी और पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी में विभिन्नता होने से आयुक्त खाद्य ने आयुक्त अभिलेख को गिरदावरी में संशोधन, दावा आपत्ति की अवधि 15 अप्रैल तक बढ़ाये जाने का आग्रह किया था।

## आवासहीनों की प्रतिक्षा सूची में नाम जोड़ने अब 30 अप्रैल तक सर्वे

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस की सूची अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे के माध्यम से स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल हितग्राहियों के नाम जोडे जाने के लिए सर्वे कार्य की अवधि बढ़ाई गई है। जिसके अनुसार आवास प्लस सर्वे का कार्य अब 30 अप्रैल तक पूर्ण कराया जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष के लिए मंजूरी प्रदान की गई है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवास प्लस-2024 सर्वे की समय सीमा को एक महीने के लिये बढ़ा कर 30 अप्रैल 2025 की गई है। अतः समस्त जिलों को निर्देशित किया गया है कि उक्त समय-सीमा मे पात्र परिवारों का सर्वे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे तथा यह भी सुनिश्चित करे कि सर्वे से कोई भी पंचायत, ग्राम, फलिया, टोला, मजरा आदि न छूटे एवं समस्त पात्र परिवारों का सर्वे सूची में नाम दर्ज हो।

## 4 लाख की ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

**कटनी।** चार लाख रुपए की ठगी करने वाली एक महिला को उमरिया पान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला पर आरोप है कि उसने पुलिस का भय दिखाकर पीड़ित पक्ष से मोटी रकम ऐंठी और चंपत हो गई थी। पुलिस के अनुसार आवेदिका भागवती बाई 60 वर्ष ग्राम बनहरी ने 29 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि ललिता बाई चौधरी पति भारत चौधरी द्वारा बीडी तेंदूपत्ता के बोनस का लाभ दिलाने हेतु फार्म भरने का कहकर मेरी नातिन रिंकी एवं मेरा फार्म भरवाई थी। बाद में यह कह कर की रिंकी की 18 वर्ष से कम होने के कारण फार्म भरने में पुलिस केस हो गया जिससे बचने की बात बताकर मेरे से 4 लाख रुपये लेकर फरार हो गई। रिपोर्ट पर धारा 420, 406 भादवि. का कायम कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत रजंन के दिशा निर्देशन, अति.पु.अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में टीम बनाकर अपराध में फरार आरोपिया ललिता बाई चौधरी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया गया और न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपिया का जेल वारंट जारी किये जाने से आरोपिया को जिला जेल में दाखिल किया गया। कार्यवाही मे थाना प्रभारी उप.नि. दिनेश तिवारी, सउनि. गया प्रसाद मंगोरे, कार्य.प्र.आर. अजय तिवारी, आशीष झारिया, अजय सिंह, आर. योगेश पटैल आदि की भूमिका रही।

# मैहर में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा

## आल्हा-ऊदल के लिए सालभर का कार्यक्रम बनेगा

**प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रविवार को रामनवमी के अवसर उन्होंने आल्हा गायकों की विशेष रूप से तारीफ करते हुए कहा हमारे पुरखों की जान है आल्हा।**

मैहर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर अपने मैहर प्रवास के दौरान शारदा माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। माता के दर्शन के बाद सीएम ने नगर में रोड शो किया,जहां नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मैहर में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बुंदेलखंड की वीरता और संस्कृति की सराहना की। उन्होंने आल्हा गायकों की विशेष रूप से तारीफ करते हुए कहा हमारे पुरखों की जान है आल्हा। बुंदेलखंड वीरों की धरती है। आल्हा ने कभी शरीर नहीं छोड़ा, उनके जीवन ने देशभक्ति की प्रेरणा दी। सीएम ने आल्हा मंडली को 50,000 की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए। साथ ही आदेश दिया कि प्रशासन सालभर आल्हा पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करें,जिसका सारा खर्च सरकार देगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि मैहर का लोक तैयार कर आल्हा की विरासत को जन-जन तक पहुंचाया जाए,जिससे यह परंपरा राष्ट्रीय पहचान प्राप्त कर सके।









### प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ और घोषणाओं की चर्चा की

सीएम डॉ.यादव ने जनसभा में कहा कि दुनिया का कोई देश ऐसा नहीं जो मोदी जी का स्वागत करने को आतुर न हो। उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश को एक नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि धान पर 4,000 का बोनस दिया जा रहा है और चुनाव पूर्व की गई घोषणाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए धारा 370 का जिक्र किया।

### शराबबंदी और लाड़ली बहनों पर जोर

मुख्यमंत्री ने शराबबंदी को महिला सशक्तिकरण से जोड़ते हुए कहा,शराब बुरी चीज है,यह परिवार को तोड़ती है। शराबबंदी महिलाओं की मांग है और यह उनके लिए ही है। अब दूध बिक रहा है,देश में दूध की नदियां बह रही हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को उद्योग और रोजगार से जोड़ा गया है,जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है।

### सिंचाई, ऊर्जा और औद्योगिक विकास का संकल्प

सीएम ने प्रदेश की सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए कहा कि बरगी डैम से नर्मदा नदी का पानी मैहर तक लाया जाएगा।आने वाले 5 वर्षों में 1 करोड़ हेक्टेयर भूमि सिंचित की जाएगी और 32 लाख सोलर पंपों के माध्यम से बिजली आपूर्ति होगी।उन्होंने मैहर में बड़ी गौशाला,कलेक्टर भवन,घुनवारा सड़क निर्माण, और औद्योगिक विकास की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत है,जिसे और आगे बढ़ाया जाएगा।

### पारंपरिक पोशाक में नजर आए

सीएम पारंपरिक पोशाक धोती-कुर्ते में नजर आए। उन्होंने मां शारदा के दर्शन कर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इसके बाद सीएम भाजपा स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रैली में भी शामिल हुए।

### जिप्सी में किया रोड शो

जिप्सी में सवार होकर वे रोड शो में निकले। इस दौरान जगह जगह उनका स्वागत किया गया। सड़क के दोनों तरफ खड़े होकर आम जनता ने शराबबंदी के लिए सीएम का अभिनंदन किया।मुख्यमंत्री यादव रविवार दोपहर करीब 2 बजे रीवा से हेलिकॉप्टर से मैहर पहुंचने के बाद सबसे पहले त्रिकूट पर्वत स्थित मां शारदा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

# घर बुलाया, पिलाई शराब, खिलाई खीर-पूड़ी, फिर हत्या

सतना

जिले के जैतवारा थाना क्षेत्र के पासी गांव के एक कुएं में पत्थर बांधकर लाश फेंके जाने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है।साथ ही वारदात को अंजाम देने के मामले में तीन आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया है।आरोपियों ने पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद उसके शरीर पर पत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया था,ताकि मामले का खुलासा नहीं हो सके। हालांकि पुलिस ने कड़ियों को जोड़कर न केवल वारदात का खुलासा किया बल्कि हत्या की वजह भी सामने लाकर रख दी। इस पूरे मामले में पुलिस कप्तान ने पूरी टीम को 10 हजार रुपये का नकद ईनाम भी दिया है। दरअसल 2 अप्रैल को जैतवारा के बौलिहा बीरन गांव के कोठरा पासी रोड में संतोष सिंह के कुआं में अज्ञात शव मिला। इसकी शिनाख्त रामकिशोर पटेल के तौर में की गई। मृतक 28 मार्च को घर से लापता था।उसका शरीर जब कुएं से बाहर निकाला गया तब उसके साथ तीन पत्थर बंधे हुए थे।



### पुलिस ने किया मामले का खुलासा

पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस ने 28 मार्च को घर से निकलने के साथ आखिरी लोकेशन तक की जांच की। इसके बाद पता चला कि वह कोटर गया था। वहां से बस में बैठकर वापस सतना आया। इसके बाद वह बिट्टी प्रजापति के घर पहुंचा,बताया जाता है कि बिट्टी ने पूरी प्लानिंग के साथ उसे अपने घर बुलाया था। जहां पर वह शराब के नशे में पहुंचा।इसके बाद उसे और शराब पिलाई गई। खाने के लिए खीर-पूड़ी दी गई। जब वह नशे में बेहोश हो गया तब उसे बाइक से जैतवारा थाना क्षेत्र के पासी गांव कोठरा ले जाया गया। जहां पर ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने की कोशिश की गई। असफल रहने पर उसके शरीर में पत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया गया,मृतक रामकिशोर और आरोपी महिला बिट्टी प्रजापति के बीच पुरानी पहचान थी,महिला का पति मुंबई में नौकरी करता है,जबकि वह बच्चों के साथ किराए पर नई बस्ती में रहती है,इससे पहले वह मृतक के घर में किराएदार रह चुकी है,इसी दौरान दोनों के बीच पहचान हुई,उसकी नीयत बेटी को लेकर सही नहीं थी,इसी कारण घर खाली कर दिया। हालांकि दूसरी जगह रहने पर भी वह कभी कभार घर आ जाता था,महिला इस बात से परेशान थी,लिहाजा उसने अपने कुछ परिचितों के साथ मिलकर उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाने लगी। रामकिशोर की हत्या की कड़ी जोड़ने के लिए पुलिस को लगभग 100 सीसीटीवी खंगालने पड़े। बताया जाता है कि पुलिस ने कोटर में मृतक के परिचित से पूछताछ की,इसके बाद बस से सतना जाने की बात सामने आई,संतोषी माता मंदिर के पास बुजुर्ग बस से नीचे उतरता दिखा,इसके बाद उसकी लोकेशन नई बस्ती की ओर दिखाई दी,अंतिम लोकेशन बिट्टी प्रजापति के किराए के घर के पास मिली,इसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की,हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने जब मामले में जानकारी ली तब आरोपी महिला ने गुमराह करने की कोशिश की वहीं जब पुलिस ने अपने तरीके से पूछताछ की तो सच समाने आ गया।

# पुरानी आबकारी के पास हुई 40 लाख से अधिक की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

सतना




सिटी कोतवाली अंतर्गत वार्ड क्र.41 पुरानी आबकारी के पास गत 19 फरवरी को रावेन्द्रनाथ श्रीवास्तव पिता रेखनलाल श्रीवास्तव के सूने घर में हुई करीबन 40 लाख से अधिक रुपये की चोरी का पुलिस अधीक्षक ने रविवार को खुलासा कर दिया। पुलिस द्वारा इस घटना के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी के जेवरात,नगदी आदि सामान बरामद कर लिया है। आरोपियों द्वारा वारदात करना स्वीकार कर लिया गया है। इस मामले में फरार आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। उक्त घटना का खुलासा करते हुये बताया गया कि गत 19 फरवरी को पुरानी आबकारी के पास रहने वाले रावेन्द्रनाथ श्रीवास्तव ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करवायी थी,कि उसकी किराने और फर्नीचर की दुकान है। 16 फरवरी को वह अपनी रिश्तेदारी में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने चला गया था। 18 फरवरी को उसे पड़ोसियों से पता चला कि घर का ताला खुला हुआ है,ताला तोड़कर अज्ञात चोर आलमारी तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात,नगदी पैसा चुराकर भाग गये हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 130/2025 में 305 (1), 331 (4), बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में डॉग स्क्वाड,फिंगर प्रिन्ट विशेषज्ञ,साइबर सेल तथा सीसीटीवी के जानकार अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक कार्यवाही की गयी।अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमें गठित की गयीं। पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान सीसीटीवी कैमरे के करीबन सौ से अधिक फुटेज देखे गये। करीबन 50 संदेहियों के फिंगर प्रिन्ट लेकर उनसे पूछताछ की गयी। विवेचना के दौरान ऋतिक वंशकार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। जिसने कड़ाई से की गयी पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा अजय वंशकार व कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने दोनों संदेहियों के कब्जे से चोरी का सामान जब्त किया और आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।



# शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोपी भेजा गया जेल

सतना। नागौद पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पन्ना जिले के पवई थाना अंतर्गत बांधा ग्राम निवासी सौरभ बागरी पुत्र गजराज बागरी 19 वर्ष द्वारा इंस्ट्राग्राम पर फरियादिया से दोस्ती करने के बाद उसे शादी का झांसा दिया गया।

गत 2 मई 2024 को पहली बार उसने उसके साथ दुष्कृत्य किया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी अक्सर बालिग होने पर शादी करने की बात कहकर शारीरिक संबंध बनाता रहा है। उसके बालिग होने के बाद आरोपी द्वारा शादी करने से साफ इंकार कर दिया गया। मझगवां खुर्द निवासी फरियादिया ने सौरभ बागरी की इस हरकत की शिकायत नागौद थाना में दर्ज करवाई। जिस पर नागौद पुलिस ने अपराध क्रमांक 129/25 धारा 64(2),69 भारतीय न्याय संहिता 5/6 पाक्सो एक्ट का अपराध कायम कर जांच में लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को तलाश कर गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी सौरभ बागरी पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा एडिशनल एसपी देहात विक्रम सिंह कुशवाहा के निर्देशन में एवं डीएसपी महिला सेल महादेव नागोटिया के मार्गदर्शन में की गयी। कार्यवाही को अंजाम देने वाली टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय ने किया। टीम में उप निरीक्षक मुनेश भारती,आरक्षक किशन सिंह,अनुराग पाण्डेय,मनोज शुक्ला,प्रआर चालक धनेन्द्र दाहिया,सैनिक रमेश वर्मा आदि शामिल रहे।



# गौरव दिवस पर सीएम पहुंचे चित्रकूट परिक्रमा कर दीप प्रज्वलित किया

सतना।

*मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के रामनवमी पर चित्रकूट के गौरव दिवस के मौके पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने सबसे पहले कामदगिरि पहुंच कर भगवान कामता नाथ प्राचीन मुखारविंद के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी तट पर भरत घाट में दीपोत्सव पर दीप प्रज्ज्वलित किए। चित्रकूट के गौरव दिवस पर स्थानीय नागरिकों,साधु संत,आश्रम,दीन दयाल शोध संस्थान,सामाजिक संस्थाओं,स्थानीय प्रशासन द्वारा 11 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं।*

## देहदान के लिए संकल्पित लोगों का सैनिक संगठन ने किया सम्मान

**सतना।** पूर्व सैनिक संगठन ब्लॉक इकाई उचेहरा के द्वारा पिथौराबाद में देहदान के लिए संकल्पित पद्मश्री बाबूलाल दाहिया,बाल्मीक सिंह,डॉ सदाचारी सिंह तोमर,देवलाल सिंह,सावित्री सिंह,सुरेश दाहिया, रामगोपाल सिंह,अनुपम दाहिया का सम्मान किया गया वहीं इनसे प्रेरित होकर रामलोटन कुशवाहा, रामदुलारे सेन ने भी देहदान करने की घोषणा की है। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार,संरक्षक सतपाल सिंह परिहार,उचेहरा ब्लॉक अध्यक्ष उदयभान सिंह,अशोक सिँह,संजय सिंह,भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह,आर के सिंह,ब्रजभान सिंह,राजीव सिंह,अमित मिश्रा,भूपेंद्र सिंह गोबराव खुर्द,इंद्रपाल सिंह,संतोष सिंह,भारत सिंह,विजेंद्र नाथुलाल सिंह,प्रमोद सिंह, संध्या सिंह जनपद सदस्य,डॉ विपिन सिंह,काशी प्रसाद गौतम ब्रजमोहन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान, जिले में संचालित हैं विभिन्न गतिविधियां





**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में जन अभियान परिषद की टीम द्वारा भी जन जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जनसहभागिता से प्राचीन जल स्त्रोतों के पुनरूद्धार के साथ ही वालंटियर्स द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से भी लोगों को जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा जल संरक्षण हेतु जागरुकता रैली भी निकाली जा रही है। जनसमुदाय को पानी के संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। गत दिवस ग्राम मैन्हा में नवाचार कर महिलाओं की रस्सा खींच प्रतियोगिता कराई गई। इसके माध्यम से महिला समूह ने जल संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया।

### जुआ के फड़ पर मारा छापा, 31,100 रुपए सहित 6 जुआड़ी गिरफ्तार

**अमानगंज।** अमानगंज थाना पुलिस ने सिमरिया रोड पर तहसील के पास एक घर में छापा मारकर ताश के 52 पत्तों से जुआ खेलते हुए 6 जुआड़ियों को पकड़ा और उनके पास से 31100 रुपए जप्त किए और जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

### बड़े ही हर्ष के साथ और धूम धाम से मनाया गया राम जन्म महोत्सव



**पन्ना।** जिले के अमानगंज नगर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष बड़े हर्षवर्धन साहब के साथ मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव सभी हिंदू श्रद्धालुओं ने बड़े ही धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ राम जन्म महोत्सव मनाया। यह पर्व हर वर्ष चैत्र माह के नौवें दिन मनाया जाता है, जो श्रीराम के जन्म की खुशी में समर्पित है। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसी के साथ ज्वाला माता मंदिर स्थित राम मंदिर में श्रद्धालु सुबह से ही राम भक्तों के साथ मिलकर पूजा में सम्मिलित हुए और श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। जहां बड़ी की संख्या में भक्तों ने एक जुट हो कर राम जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गाजे बाजे के साथ जन्मोत्सव की खुशियां मनाई और पटाखे फोडे इसी के साथ प्रमुख मंदिरों बालाजी सरकार मंदिर झिरियन धाम में राम मंदिर और नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ 'जय श्री राम' के उद्घोष किए। जिससे वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया राम जन्म महोत्सव का यह उत्सव समाज में एकता, भाईचारे और धार्मिक सहिष्णुता का संदेश देता है, जिसे हर वर्ग और समुदाय के लोग मिलजुलकर मनाया।

### कृषि उपज मंडी में आए ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाए

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को और उनकी टीम ने कृषि उपज मंडी में आए ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाए। उन्होंने किसानों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

---

ठेकेदार के घर से लाखों की चोरी, पुलिस की पड़ताल जारी

# गोदरेज अलमारी से समेट ले गए नकदी-गहने, तीन सूटकेस और पेटी भी ले उड़े

### अज्ञात शातिर चोरों ने कमरों के ताले काटकर बड़ी वारदात को दिया अंजाम

**पन्ना।** जिले में सक्रिय शातिर चोर आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पन्ना पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। चोरी की बढ़ती घटनाओं से आमलोगों में न सिर्फ पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा असंतोष व्याप्त है बल्कि नागरिकों में अपनी जानमाल को लेकर असुरक्षा की भावना भी लगातार बढ़ रही है। आज जिले के देवेन्द्रनगर थाना अंतर्गत देवरीगढ़ी ग्राम में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात शातिर चोर देर रात ठेकेदार जीतेन्द्र सिंह यादव के घर के ताले चटकाकर सोने-चांदी के गहने, नकदी ढाई लाख रूपये और उनकी लाइसेंसी 315 बोर की राइफल समेत लगभग 15 लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। घटना के समय यादव परिवार के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। चोरी की सनसनीखेज वारदात की पता चलने के बाद से ही ग्राम देवरीगढ़ी समेत आसपास के इलाके में जबरदस्त हड़कंप मचा है। समाचार लिखे जाने तक देवेन्द्रनगर थाना पुलिस प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही में जुटी थी। शनिवार 5 अप्रैल को ठेकेदार (संविदाकार) जीतेन्द्र सिंह यादव के परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद रात्रि में करीब 1 बजे तक अपने-अपने कमरों में जाकर सो गए। देर रात लगभग 2.30 बजे





जीतेन्द्र के छोटे भाई अर्जेन्द्र सिंह यादव जब अचानक वॉशरूम जाने के लिए उठे तो घर के दरवाजे खुले देख दंग रह गए। उन्होंने आवाज लगाकर परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया और फिर अंदर के कमरों में जाकर देखा तो उनके ताले टूटे मिले। ठेकेदार जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि कमरे के अंदर रखी गोदरेज अलमारी से उनकी पत्नी और माँ के सोने-चांदी के गहने, नकदी लगभग ढाई लाख रुपए, 315 बोर की लाइसेंसी बंदूक कीमती 2 लाख रुपए गायब थे। दूसरे कमरे में रखे 3 सूटकेश और एक पेटी भी गायब थी। जिसमें उनकी चाची के आभूषण रखे हुए थे। अज्ञात चोर महज एक से डेढ़ घंटे के अंदर बड़े ही शातिर तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देकर भाग निकलने में सफल रहे लेकिन घर के अंदर गहरी नींद में सो रहे यादव परिवार के सदस्यों को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। चोरी की घटना का पता चलने पर रात्रि में ही पीड़ति परिवार के द्वारा पुलिस चौकी ककरहटी एवं देवेन्द्रनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। तड़के सवा तीन बजे के आसपास पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर चोरी की घटना की जानकारी ली। आसपास का निरीक्षण करने पर ठेकेदार के घर के पीछे कुछ दूरी पर खेतों में पुलिस को तीनों सूटकेश खाली पड़े मिले। ठेकेदार जीतेन्द्र सिंह के अनुसार अज्ञात चोर उनके घर से 7 तोला सोने के आभूषण, 1 किलोग्राम चांदी, ढाई लाख रुपए नकद और लाइसेंसी बंदूक समेत लगभग 15 लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। चोरी की यह वारदात समूचे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनीं है। पीड़ति परिवार ने पुलिस कप्तान से अज्ञात शातिर चोरों का सुराग लगाकर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और चोरी गए मशरूका को बरामद करने की गुहार लगाई है।

---

# फांसी के फंदे पर झूला युवक, परिजनों व पड़ोसियों ने तत्काल उतार कर पहुंचाया जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज रेफर

पन्ना

पन्ना कोतवाली एवं सिविल लाइन चौकी अंतर्गत एक युवक के द्वारा 6 अप्रैल 2025 को सुबह लगभग 7 बजे अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूलकर जीवन लीला समाप्त करने के प्रयास का मामला सामने आया है। पड़ोसियों और परिजनों की नजर पड़ने पर युवक को तत्काल फांसी के फंदे से उतार कर जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया गया जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार उपरांत मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया है।



घटना के संबंध में बताया गया है कि अभिलाष जाटव पिता सूरज जाटव उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी बड़ी देवी मंदिर के सामने पन्ना जो दिल्ली में काम करता था कुछ समय से बड़ी देवी मंदिर के सामने भोग प्रसाद की दुकान लगाता था 6 अप्रैल को अचानक रस्सी लेकर अपने कमरे में पहुंचा और पंखे से अपने गले में फंदा डालकर झूल गया यह देखकर पड़ोसी दौड़े और शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा कर लिया और युवक को तत्काल फंदे से निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां गंभीर हाल के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार उपरांत मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया है। युवक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है, आखिर नवयुवक के द्वारा इस प्रकार का आत्मघाती कदम क्यों उठाया गया कारण अभी अज्ञात बताया जा रहा है।

---

# रॉयल राजपूत मेडिकल स्टोर का पूर्व बीएमओ डॉक्टर केपी राजपूत ने फीता काटकर की किया उद्घाटन

### घनघोर जंगल के बीचों-बीच स्थित पंझरिया माता जी के किए दर्शन

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ क्षेत्र के धर्मपुर कस्बा में उप लोक सेवा केंद्र ग्राम पंचायत धरमपुर के सामने रॉयल राजपूत मेडिकल (दवाईयों) के संचालक पंकज राजपूत निवासी रमजूपुर का रामनवमी के शुभ अवसर पर पूर्व बीएमओ डॉ के पी राजपूत जी , राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह लोधी जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नयागांव सरपंच कौशल किशोर लोधी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुखदेव बिहारी गुप्ता चिरौजी लाल लोधी पूर्व शिक्षक के द्वारा विधिवत पूजा अर्चन करते हुए फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चंदौरा के पूर्व सरपंच अरपत सिंह लोधी, मूरत सिंह लोधी, नरेंद्र सिंह लोधि रमजूपुर, डॉक्टर दादू लाल सरवंशी , महेंद्र सिंह लोधी, अरविंद सिंह लोधी सोहन सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह लोधी, पुलिस स्टाफ से अजीत यादव एवं जितेंद्र मिश्रा जी प्रधान आरक्षक, प्रेम गुप्ता जी, कुलदीप सिंह पशु विभाग, शिवचरण पंचमपुर सहित अन्य लोग शामिल रहे। साथ ही घनघोर जंगल के बीचो-बीच स्थित पंझरिया माता जी के दर्शन किए एवं पुजारी बाबा ने जंगल के प्रचुर वाला बना प्रसाद खिलाया जो बहुत ही स्वादिष्ट रहा। एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा जी ने बताया कि सड़क निर्माण कंपनी द्वारा मंदिर के चारों ओर छठ श्रद्धापूर्वक डाली गई जहां श्रद्धालुओं को धूप पानी से बचने के लिए बहुत सुविधा जनक रहेगा साथ ही पंझरिया माता मंदिर पहुंच मार्ग भी





अंतिम चरण पर पहुंच चुका है ठेकेदार ने अपनी ईमानदारी एवं लगन से सड़क निर्माण कर पूर्ण करने में भरपूर सहयोग किया। बाबा जी ने बताया कि यहां नवमी के दिन भव्य मेला का आयोजन किया जाता है एवं क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग दर्शन करने आते हैं। एवं बड़ी संख्या में जवारे विसर्जित किए जाते हैं माताजी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। आज माता जी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

---

देवेन्द्रनगर में रामलला जी के दर्शन के लिये उमड़ा जनसमुदाय

# जमकर हुई आतिशबाजी, जगह-जगह हुआ स्वागत

### गुनौर विधायक राजेश वर्मा भी जुलूस में पैदल चलते नजर आए, श्रद्धालुओं को अपने हाथ से वितरित किया प्रसाद

**देवेन्द्रनगर।** श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर देवेन्द्रनगर वासियों एवं श्रद्धालूओ में जमकर उत्साह रहा सभी धर्मप्रेमी बंधूओं द्वारा चौत्र नवरात्रि के प्रारंभ होते ही प्रथम दिन से नगर में युंवाओं द्वारा राममंदिर से दो पहिया वाहन रैली निकाल कर धर्मजागरण का कार्य प्रारंभ कर दिया था, वही धार्मिक आस्था के प्रतीक के रुप में चर्चित होते जा रहे बुन्देलखण्ड के देवेन्द्रनगर में रामनवमी के चल समारोह नें जिले की तहसील स्तर पर सबसे बड़ी शोभायात्रा नगर में निकाली गई। इस शोभायात्रा में सर्वधर्म संप्रदाय के लोग सम्मिलित रहे दोपहर 2 बजे स्थानीय श्रीराम मंदिर सतना रोड में रामजन्मोत्सव के बाद प्रारंभ हुई। भव्य शोभायात्रा हजारों श्रध्दालुओं के लिये आकर्षण का केन्द्र बनी रही। सप्ताह पूर्व से ही इस भव्य शोभायात्रा की मुख्य कर्ताधर्ता श्रीराम मंदिर जन सेवा समिति द्वारा भव्य राम मंदिर की सजावट कराई गई एवं गगनचुंबी आतिशवाजी से भगवान श्री राम का जन्मोसव मनाया एवं भव्य रथ यात्रा में डी.जे. की धुनों पर भगवान श्रीराम, जी की लोकप्रिय गीतों की धुनों पर अलग-अलग टोलियाँ थिरक रही थीं। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी महिला श्रध्दालु शोभायात्रा में सम्मिलित हुईं।ज्ञात हो कि श्रीराम नवमी के जुलूस से पूर्व सभी श्रद्धालु श्रीराम मंदिर में दोपहर 12 बजे अपने आराध्य श्रीराम के जन्मोत्सव के लिए एकत्र हुए और जन्मोत्सव के पश्चात श्रीराम के दर्शन पाने की होड़ और श्रीराम के जयकारों से पूरा मंदिर गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रध्दालु जय श्री राम के नारे लगा रहे थे तथा रामभक्तों का नगर में विभिन्न स्थानों पर नाश्ते के पैकेट, जलजीरा, शरबत, बिस्किट, चाकलेट व फलों का वितरण एवम प्रसाद की व्यवस्था कर जोरदार आत्मीय स्वागत किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा किये गये सुरक्षा के



चौकस इंतजामों के चलते बगैर किसी विध्न बाधा के निकली।शोभायात्रा में शामिल बग्घी, घोड़े, डी.जे. लोगों का आकर्षण का केन्द्र रहे। नगर तिराहा पर सोभा यात्रा का आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमे क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा घंटों प्रसाद बांटते रहे शोभायात्रा में शामिल श्रीराम मंदिर समिति के समस्त सदस्य द्वारा समस्त नगर वासियों व ग्राम वासियों को रामनवमी की शुभकामनाये देवेन्द्रनगर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ एवं नगर के थाना प्रभारी हरवचन कुड़ापे अपनी टीम के साथ चाक चौबंद व्यव्स्था पर नजर आए इस मौके पर गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा,सहित नगर के पत्रकारगण पैदल मार्च करते रहे नजर आए वही श्रीराम शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री राम मंदिर में पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ।

---

# महाआरती के साथ हुआ पन्ना विधायक का सम्मान समारोह

### बाल कलाकारोa के साथ सफाई मित्रों व अधिकारियों का हुआ सम्मान

पन्ना।



अजयगढ के रामलीला मैदान में श्रीराम सेवा समिति के द्वारा नवरात्रि पर भव्य रामदरबार की स्थापना की गई थी साथ ही प्रतिदिन सुबह से आसपास के गावो सहित नगर के कलाकारों व प्रबुद्ध जनो के सहयोग से नवाह पाठ का आयोजन किया जा रहा था शाम को कानपुर से आये हुए कलाकारों के द्वारा विभिन्न धार्मिक मंचन के साथ साथ नगर के छोटे छोटे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जा रहे थे।इन्ही कार्यक्रमो में रामलीला मैदान को सुरक्षित करने के लिये विधायक निधि से सहयोग देने के लिये पन्ना विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह का सम्मान भी समिति के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम के प्रारंभ में सबसे पहले माननीय विधायक व अन्य सम्मानीय व्यक्तियों के द्वारा महाआरती की गई। आरती के बाद समिति के अध्यक्ष दिवाकर खरे के द्वारा स्वाफ़ा बांधकर व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया।विधायक जी के सम्मान के बाद नगर की साफ सफाई में अपना अमूल्य सहयोग देने वाले नगर परिसद के सफाई मित्रों सहित सफाई दरोगा,अधिकारियों,नवाह पाठ में सहयोग देने वाले कलाकारों,सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओं,नगर के सम्मानीय व्यक्तियों सहित पत्रकारों का सम्मान किया।अपने उद्बोधन में ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मेरा स्वभाव क्षेत्र का विकास करने का है मुझे मेरे क्षेत्र में जो समस्या नजर आती है मैं उसे पूरा करने का प्रयास करता हूँ।इसी के तहत जल्द ही नगर में एक सिविल अस्पताल भी बनाया जाएगा और साथ ही बाबा अजयपाल की प्रतिमा को भी सुरक्षा के साथ स्थाई रखवाने का प्रयाश भी किया जा रहा है।सुल्लेरे जी के द्वारा रामलीला मैदान में मंच व पेवर्ष की बात कही है वो भी जल्द हीं पूरा किया जावेगा।इस दौरान भोले नाथ की भष्म आरती,भोला नाचे,भोले नाथ की शादी में सहित कई अन्य गानों में कानपुर सहित कई अन्य जगहों से आये हुए कलाकारों के द्वारा भव्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दिनेश अरजरिया,रजऊ राजा,हीरालाल गुप्ता, बबलू कुशवाहा, राजू सुल्लेरे, राजकुमार खटीक, संजय गुप्ता, प्रमोद तिवारी, मुन्नू गुप्ता, अवध यादव, संदीप विश्वकर्मा, अंकित मिश्रा, विशाल यादव, अवध तिवारी, संतु मिश्रा, राजकुमार यादव, प्रेमकुमार पांडे, ब्रजेन्द्र खटीक उपस्थित रहें। इसके साथ अधिकारियों में नायब तहसीलदार डी आर प्रजापति, थाना प्रभारी बखत सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह,वाईसी अमरदीप सिंह, प्राचार्य रागनी नामदेव, वीरेंद्र मिश्रा, सहित रामलीला समिति के अध्यक्ष दिवाकर खरे, रोहित गुप्ता, नीरज सेन, अज्जू गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित नवाह पाठ करने मे दीपक तिवारी, सहित कई अन्य लोगो का उनके सहयोग के लिये प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिस्ठ संजय सुल्लेरे व दिवाकर खरे के द्वारा किया गया।

---

# कौमी एकता के तहत ईद एवं नवरात्रि मिलन समारोह संपन्न, सभी धर्मों के गणमान्य नागरिक हुए शामिल

### गणमान्य नागरिकों द्वारा की गई कार्यक्रम की सराहना आयोजक एवं संयोजक को दी बधाई



**पन्ना।** पन्ना जिले के अजयगढ़ में स्थित रेस्ट हाऊस में कौमी एकता के तहत आपसी भाईचारा कायम रखने ईद एवं नवरात्रि मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्मों के गणमान्य नागरिक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए, इस अवसर सर्वप्रथम सभी का परिचय करवाने के उपरांत अतिथियों का पुष्प माला से सम्मान किया गया, इसके बाद नगर के वरिष्ठ समाजसेवी श्रीराम पाठक ने हिंदू मुस्लिम एकता व भाईचारा को लेकर शानदार उद्बोधन देते हुए लोगों को एकता का संदेश दिया गया, पूर्व पुलिस अधिकारी एवं इतिहासकार सूर्यभान सिंह परमार के द्वारा सदियों से चली आ रही हिंदू मुस्लिम एकता पर प्रकाश डालते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार कायम रखने का आह्वान किया गया, सिंहपुर सरपंच योगेंद्र धूरिया ने युवाओं को अपने धर्म और त्योहारों की तरह दूसरों के धर्म एवं त्योहारों का भी सम्मान करने का संदेश दिया गया, सदर नसीर मोहम्मद ने गंगा जमुनी तहजीब के तहत आपसी भाईचारा देश की उन्नति और प्रगति के लिए जरूरी बताया, नायब तहसीलदार डीआर अहिरवार ने अजयगढ़ को शांति का टापू बताते हुए यहां के लोगों के आपसी भाईचारा और प्रेम की प्रशंसा करते हुए इसे आगे भी कायम रखने की सलाह दी गई। मुफ़्ती तालिब रजा ने कहा कि हमारी एकता से ही देश तरक्की व प्रगति कर सकता है। इस प्रकार कई अतिथियों के द्वारा कौमी एकता के तहत आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में अपने वक्तव्य रखे गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ कवि साहित्यकार एवं अधिमान पत्रकार लक्ष्मी नारायण चिरोल्या ने अपनी शानदार कविताओं व शेरो शायरियों से कार्यक्रम में रंग जमा दिया। कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद आजाद कादरी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद रहीसा बेगम द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि लल्लू गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, संजय सिंह राजपूत, राजेश रावत, वीरेंद्र सिंह यादव, मनीष सारस्वत, अनिल गुप्ता, चंद्र प्रकाश सेन, अकरम खान, प्रदीप साहू सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

शोभा यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक

# धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव, शोभा यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

पन्ना

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस रविवार को नवमीं को पूरे पन्ना नगर में भगवान राम का प्रगटोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। हीरों और मंदिरों की पवित्र धार्मिक नगरी पन्ना में जिस तरह से राम जन्मोत्सव की धूम होती हैं उसे देखकर ऐंसा प्रतीत होता है जैंसे भगवान श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या नगरी पन्ना में ही है। जन्मोत्सव पर लोगों द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ भारी हर्षोल्लास दिखाई पड़ा। नगर में विशाल शोभायात्रा विविध प्रकार की झांकियों के साथ निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त राम नाम के जयकारों के साथ चल रहे थे। भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव नवमीं के अवसर पर महासंयोगों के मध्य मनाया गया। जहां एक ओर चौत्र नवरात्रि पर्व और माँ भगवती के 9वें स्वरूप की आराधना के लिए देवी भक्तों द्वारा पूजन किया गया, तो वहीं दूसरी ओर अयोध्या बनी हीरों की नगरी पन्ना में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ श्री राम मंदिर में मनाया गया। जिसे देखने भक्त अपने अराध्य देव के दर्शनों के लिए इतना आतुर हो रहे थे कि शहर के भव्य रामजानकी मंदिर में



पैर रखने तक को जगह नहीं मिल रही थी। जितने ही श्रीराम प्रभु के भक्त मंदिर के बाहर नजर आ रहे थे उतने ही भगवान का जन्म देखने मंदिर के अंदर मौजूद रहे। जैसे ही घड़ी की सभी सुईयां 12 पर पहुंची मंदिर में भगवान राम के जयकारों गूंज दूर-दूर तक सुनाई देने लगी तथा मंदिर में भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाने



लगा और भगवान की भव्य आरती के साथ विधि विधान के साथ पूजा पाठ कर उनका वंदन किया जाने लगा। रामजानकी मंदिर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर जिला प्रशासनिक अधिकारीगणों का अमला भी सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहा। चारों ओर गूंजे राम नाम के जयकारे चौत्र नवरात्रि के साथ ही भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर जहां बड़े बुजुर्ग उत्साहित दिखे, वहीं बच्चों में भी श्रीराम जी के प्रति सच्ची निष्ठा देखने को मिली, जो रात और दिन पूरे शहर को भगवान राम के रंग में रंगने में लगे हुए थे। जिन्होंने कड़ी मेहनत से शहर की गलियों को ध्वज पताकाओं, झण्डियों, बैनरों और पोस्टरों से राम संदेश दे शहर को सजाने में बड़ी मेहनत की। शोभायात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत शहर में निकली भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। चितकुआ से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा करीब 5 बजे अजयगढ चौराहे पहुंची, जहां इस विशाल शोभायात्रा के सम्मान एवं स्वागत हेतु धर्म प्रेमियों तथा समाजसेवियों ने पानी, मिष्ठान एवं फलों की व्यवस्था जगह-जगह कर रखी थी जिन्हें लोगों को वितरित किया गया। स्वागत का सिलसिला बडाबाजार, बल्देव मंदिर में पत्रकार एकता मंच, कटरा बाजार, कोतवाली चौराहा, पावर हाऊस चौराहा, आगरा मोहल्ला, गांधी चौक, पंचम सिंह चौराहा, पुरानी कचेहरी चौराहा में प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। बडे बाजार में शोभा यात्रा का स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय द्वारा किया गया। शोभा यात्रा के दौरान पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित भाजपा नेता व पदाधिकारी, शहर के गणमान्य नागरिक व आम जन मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## फर्जी रेलवे कर्मी बनकर एसबीआई से लोन ठगने वाले की कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिंडोरिया से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों की धोखाधड़ी कर लोन प्राप्त करने वाले शातिर ठगों को कोर्ट से बड़ा झटका मिला है। अपर सत्र न्यायाधीश श्री संतोष कुमार गुप्ता की अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को गंभीर अपराध बताते हुए सख्ती से खारिज कर दिया। म.प्र. शासन की ओर से शासकीय अभिभाषक श्री राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने प्रभावशाली तर्कों के साथ पक्ष रखते हुए जमानत का विरोध किया।

**ऐसे हुआ था लाखों का फर्जीवाड़ा**

दिनांक 19 जुलाई 2023 को आरोपी राजू खान, दीनदयाल कौशल, लोकेश उर्फ आकाश सोनी और सुरेश नामदेव ने स्वयं को रेलवे विभाग का कर्मचारी बताकर SBI हिंडोरिया शाखा में पर्सनल लोन के लिए आवेदन किया। आरोपियों ने आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं रेलवे की फर्जी वेतन पर्चियां संलग्न कर 54 लाख रूपये से अधिक का लोन पास कराया। स्टेट बैंक शाखा हिंडोरिया द्वारा राजू खान को 14.63 लाख, दीनदयाल कौशल को 14.30 लाख, लोकेश सोनी को 10.83 लाख और सुरेश नामदेव को 14.50 रूपये लाख की राशि उनके खातों में स्थानांतरित की गई।

**सत्यापन में हुआ खुलासा**

कुछ समय तक लोन की किस्तें न चुकाने पर बैंक ने आरोपियों को नोटिस जारी किए। जांच में पाया गया कि दिए गए पते फर्जी हैं और आरोपी रेलवे कर्मचारी नहीं हैं। बैंक मैनेजर श्री हिमांशु अग्रवाल की शिकायत पर थाना हिंडोरिया में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस विवेचना में आरोपियों ने कबूल किया कि निखिल चोरे नामक युवक से कंप्यूटर के माध्यम से फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए थे। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है।

**कोर्ट का सख्त रुख**

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि यदि ऐसे आरोपियों को जमानत दी जाती है, तो इससे कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बैंकिंग संस्थाओं से धोखाधड़ी करने वालों को बढ़ावा मिलेगा। यह अपराध न केवल व्यक्तिगत धोखाधड़ी है, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था पर सीधा आघात है, जिससे समाज में अव्यवस्था फैल सकती है।शासकीय अभिभाषक श्री राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने न्यायालय को यह स्पष्ट रूप से बताया कि यह सुनियोजित अपराध है, जिसमें न केवल बैंक बल्कि शासन की छवि भी प्रभावित हुई है। उनके कानूनी तर्कों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों से संतुष्ट होकर न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

## थैलेसिमिया पीडित बच्चे को सीएचसी पथरिया से रेफर किये गये बच्चे के परिजन ने किया रक्तदान

**दमोह।** जिला चिकित्सालय दमोह में आज मानवीय संवेदना का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जब एबी पॉजिटिब ब्लड ग्रुप के 9 माह के थैलेसिमिया पीड़ति बच्चे को, आपसी सामंजस्य से पथरिया से ही ब्लड आपूर्ति के लिए रेफर किये गये अन्य सीवियर एनीमिक बच्ची के परिजन ने थैलेसिमिया पीड़ति बच्चे को रक्तदान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया के सी.बी.एम.ओ. डॉ. जतिन दुबे को ग्राम किन्द्रहो की एक बच्ची देवकी उम्र 2 वर्ष 6 माह माता श्रीमति रामकनकी पिता गोविंद आदिवासी में सीवियर एनीमिक होने की सूचना ग्राम की सीएचओ से मिलने पर ग्राम किन्द्रहो पहूँचे। बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण किया। ब्लड सैम्पल कलेक्ट कर सैम्पल की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया के लैब में कराई। बच्ची सीवियर एनिमिक पाई गई, डॉ. दुबे ने बच्ची में गंभीर रक्ताल्पता के संबंध में परिजनों को बताया। जिला चिकित्सालय में ब्लड ट्रांसफ्युजन कराने की समझाईश दी। परिजनों की सहमति उपरांत ग्राम की आशा कार्यकर्ता कमला पटेल 108 एम्बुलेस के माध्यम से जिला चिकित्सालय लेकर पहूँची।

# सड़क हादसे में युवती की दर्दनाक मौत



**छतरपुर।** रविवार को जिले के घुवारा कस्बे के गल्ला व्यापारी छोटेलाल जैन की बेटी निहारिका जैन की मौत हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब जैन परिवार अपने निजी वाहन से कुण्डलपुर जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छोटेलाल जैन अपने पूरे परिवार के साथ कार में सवार होकर कुण्डलपुर दर्शन के लिए निकले थे। रास्ते में, मगरौन के पास एक बस की क्रॉसिंग के दौरान अचानक उनका वाहन असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हादसे में उनकी बेटी निहारिका जैन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही हटा पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं निहारिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# दो दिन के भीतर अवैध हथियार रखने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** पुलिस ने जिले में अवैध हथियारों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो दिनों के भीतर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने आरोपियों के पास से चार देशी कट्टे और कारतूस भी जब्त किए हैं। यह गिरफ्तारियां गौरिहार, नौगांव, कोतवाली और ईशानगर थाना क्षेत्रों से की गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना गौरिहार पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान ग्राम घटरा माल पहाड़ी के पास से विधुर सिंह पिता सुघर सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया। विधुर सिंह पूर्व में हत्या का प्रयास, चोरी और अवैध हथियार सहित कुल 7 अपराधों में लिप्त रह चुका है। वहीं नौगांव पुलिस ने झांसी-खजुराहो फोरलेन हाईवे पर मुड़वारा प्रतीक्षालय के पास से अभिषेक यादव पिता विजय यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से भी 315 बोर का देसी कट्टा और कारतूस जब्त किए गए। आरोपी पूर्व में मारपीट के चार मामलों में शामिल रहा है। कोतवाली पुलिस ने कड़ा की बरिया मोहल्ले से रामू खान पिता शहादत खान को पकड़ा, जो कि नई बस्ती टोरिया मोहल्ला का निवासी है और उसके पास से 315 बोर का देसी कट्टा और कारतूस जब्त किया गया है। ईशानगर पुलिस ने भेलसी रोड रेलवे ब्रिज के पास से राजकुमार यादव उर्फ छोटू यादव पिता राजू यादव को हिरासत में लिया। आरोपी ग्राम भेलसी का निवासी है और उसके पास से भी देसी कट्टा और कारतूस बरामद किए गए। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# पुलिस ने एक दर्जन गुंडा-बदमाशों पर प्रस्तावित की जिला बदर की कार्यवाही

**छतरपुर।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए छतरपुर पुलिस लगातार सक्रिय है। मार्च 2025 में पुलिस ने जिले के विभिन्न थानों के एक दर्जन आदतन अपराधियों और गुंडा-बदमाशों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित की है। इन सभी अपराधियों के खिलाफ समय-समय पर विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं और इनकी निगरानी लगातार की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि बदमाशों की नियमित गुंडा परेड करवाई जा रही है, ताकि इनकी गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके। जिन अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है, उनमें रणधीर उर्फ हलकन यादव निवासी ग्राम सौंरा, विनोद पटेल निवासी ग्राम कुसमा, हकीम खान निवासी वार्ड क्रमांक 3 बक्सवाहा, कैलाश यादव निवासी ग्राम कुई बक्सवाहा, मुकेश सिसोदिया निवासी ग्राम कंचनपुर, दद्दू उर्फ देवेंद्र रैकवार निवासी ग्राम पराचौकी, लकी चौरसिया उर्फ कट्टा निवासी वार्ड क्रमांक 6 गढ़ीमलहरा, वीरू खटीक निवासी देरी रोड छतरपुर, राहुल राजा परमार निवासी ग्राम खैरी, करण अनुरागी निवासी ग्राम अमा, अज्जू उर्फ गि_ल खान निवासी देरी रोड छतरपुर, और इंदू उर्फ इंद्रपाल सिंह घोषी निवासी ग्राम बंधा शामिल हैं। उक्त अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की प्रस्तावित रिपोर्ट तैयार कर जिला दंडाधिकारी कार्यालय भेज दी गई है।

छतरपुर पुलिस

# चेतगिर कॉलोनी के हनुमान मंदिर में हुआ आयोजन



शहर के चेतगिर मंदिर में श्रीराम जी का जन्मोत्सव रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनााया गया। इस उत्सव में सैकड़ों भक्तजन श्रीराम की भक्ति में तल्लीन होकर उत्साह के साथ झूमते नजर आए। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराजा राम के जन्मोत्सव के अवसर पर चेतगिर कालोनी के हनुमान मंदिर में विराजे श्रीराम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से भक्तजनों द्वारा मनाया गया। सुबह नौ बजे से ईश्वर को समर्पित भक्तों ने सुन्दरकाण्ड का पाठ आयोजित किया। तत्पश्चात दिन में 12 बजे श्रीराम का जन्म हुआ जो देखते ही बनता था। पण्डितों के मंत्र उच्चारण के साथ घंटों चले इस उत्सव में बालक, वृद्ध तथा युवा सभी राममय नजर आए। महिलाओं से भरा मंदिर परिसर बधाई गीतों से गूंज रहा था। राम धुन पर थिरकते भक्तों को देखकर अयोध्या नगरी के याद ताजा हो रही थी। उल्लेखनीय है कि कालोनी निवासियों के विशेष आग्रह पर हनुमान मंदिर परिसर में ही 20 वर्ष पहले मधु-गिरिराज अग्रवाल ने श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर राम दरबार की स्थापना कराई थी। तभी से इस स्थान पर प्रत्येक वर्ष यह भव्य उत्सव मनाया जाने लगा है। ईश्वर में असीम श्रद्धा तथा भक्ति रखने वाले इस अग्रवाल दंपत्ति की ईश्वर के प्रति समर्पण की भावना निःसंदेह अनुकरणीय है।

# परिषद की साधारण बैठक नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के अध्यक्षता में आयोजित

**बैठक में नगर विकास के संबंध में चर्चा उपरांत लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के परिषद अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के अध्यक्षता एवं नगर पालिक निगम सिंगरौली की प्रभारी महापौर खुर्शीद आलम मेयर इंन काउसिल सदस्य शिवकुमारी कुशवाहा, रूकमन प्रजापति, श्यामला बर्मा, बबली शाह, अंजना शाह, राम गोपाल पाल, रीता प्रजापति अर्चना विश्वकर्मा, शशि पुष्पराज सिंह, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, के उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई। तत्पश्चात निगम अध्यक्ष पाण्डेय के द्वारा परिषद की कार्यवाही प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई। सर्व प्रथम वार्ड पार्षदो द्वारा पूछे गए प्रश्नो का लिखित उत्तर दिया गया। तत्पश्चात परिषद बैठक 22 नवम्बर 2024 का बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक मे एजेन्डा विदु क्रमांक 2 जिसमें सम्बल एवं कर्मकार के हितग्राहियों को छोड़कर शेष गरीबो के परिजनो को दाह संस्कार हेतु लकड़ी उपलंब्ध कराने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। तथा वार्ड क्रमांक 24 में चौराहो सामुदायिक भवन एवं गलियो का नामाकरण करे जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। तथा एजेन्ड विन्दु क्रमांक 5 मे नगर पालिक निगम के कर्मचारियों का चिकित्सा भत्ता में वृद्धि किये जाने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया। वही नवजीवन विहार शिवाजी कम्पलेक्स के संबंध में निर्णय लिया गया। तथा विंदु क्रमांक 7 में नगर निगम सिंगरौली क्षेत्रांर्गत वार्ड क्रमांक 1 ग्राम कुशवई मे निगम द्वारा निर्मित गौशाला का संचालन समिति को दिए जाने के संबंध मे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया।तत्पश्चत निगम के वित्तिय वर्ष के बजट पर चर्चा की गई एवं समयाभाव के कारण निगम अध्यक्ष के द्वारा परिषद की बैठक आगामी 7 अप्रैल 2025 दिन सोमवार तक के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया। आगामी परिषद की बैठक 7 अप्रैल को निर्धारित समयानुसार प्रातः 11 बजे से निगम अध्यक्ष के अध्यक्षता में आयोजित होगी। परिषद बैठक के दौरान परिषद बैठक में नेता प्रतिपंक्ष श्रीमती सीमा जयसवाल, पार्षद संतोष शाह, परमेश्वर पटेल, अनिल बैस, संतोष शाह, अखिलेश सिंह, शेखर सिंह, रामनरेश शाह, प्रेम सागर मिश्रा, राम मिलन भारती, अनुष्का यादव, आशीष बैस, लालस कुमारी यादव, राजबादुर पनिका, कमलेश कुमार बर्मा, संजय सिंह, सावनमती कुशवाहा, बंतो कौर सहित निगम के उपायुक्त आरपी बैस, उपायुक्त वित्त सत्यम मिश्रा,उपस्थित रहे।

## जिला जेल में हार्ट अटैक से कैदी की मौत

# 25 साल पहले की थी हत्या, मिली थी उम्रकैद की सजा



**छतरपुर।** जिला जेल छतरपुर से एक कैदी की मौत का मामला सामने आया है। बताया गया है कि 25 वर्ष पूर्व अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद कैदी को उम्रकैद की सजा मिली थी। शनिवार की रात को उसकी तबियत बिगड़ी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया। कुद देर उपचार चलने के बाद कैदी की मौत हो गई। मौत का कारण हार्टअटैक बताया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वृन्दावन रैकवार उम्र 72 वर्ष निवासी ग्राम रनमऊ थाना लवकुशनगर को शनिवार रात करीब 8 बजे अचानक घबराहट महसूस हुई। जेल के चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार देते हुए दवा दी और आराम करने की सलाह दी। वृन्दावन अपने बैरक में जाकर सो गया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। जेलकर्मियों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार की दोपहर 1 बजे दो न्यायाधीशों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। डॉक्टरों की रिपोर्ट में वृन्दावन की मौत का कारण हृदयगति रुकना (हार्ट अटैक) बताया गया है। जेलर रामशिरोमणि पांडेय ने जानकारी दी कि वृन्दावन रैकवार ने वर्ष 2000 में पारिवारिक विवाद के चलते अपनी पत्नी फुलिया रैकवार की हत्या कर दी थी। इस जघन्य अपराध में कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा काटने के 10 वर्षों के बाद वह जमानत पर जेल से बाहर आया था, लेकिन कोर्ट की शर्तों का उल्लंघन करने पर उसे फिर से जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि वृन्दावन पहले से ही बीमार था और उसका इलाज छतरपुर तथा ग्वालियर में कराया गया था। मामले की औपचारिक जांच की जा रही है और मृत्यु से संबंधित दस्तावेजों को नियमानुसार संलग्न किया गया है। वहीं, मृतक के बेटे आशाराम रैकवार ने बताया कि उनके पिता की तबीयत लंबे समय से ठीक नहीं थी। इसी कारण वे एक समय पर पेशी में हाजरि नहीं हो सके, जिसके चलते कोर्ट ने उन्हें दोबारा जेल भेज दिया था।

## रामनवमीं पर राममय हुआ छतरपुर, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# सांस्कृतिक शान के साथ निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा

हर गली में गूंजा जय श्रीराम का उद्‌घोष

***छतरपुर।** हिन्दू नववर्ष के अनुसार वर्ष के पहले प्रमुख त्यौहार रामनवमी पर छतरपुर शहर में भक्ति, उल्लास और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ऐतिहासिक रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन इस बार भी बेहद भव्यता और पारंपरिक गरिमा के साथ किया गया, जिसे हजारों श्रद्धालुओं और शहरवासियों की मौजूदगी ने यादगार बनाया। रामनवमीं महोत्सव की शुरुआत सुबह 11 बजे गल्लामंडी स्थित रामचरित मानस मैदान में भारतमाता की आरती से हुई। कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, एसडीएम अखिल राठौर सहित समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से आरती कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की, इस दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष और भजन-संकीर्तन से भक्तिमय हो गया।*



आरती के पश्चात भव्य रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें प्रभु श्रीराम के अवतार से पहले के प्रसंगों का सुंदर चित्रण हुआ। दोपहर करीब डेढ़ बजे पृथ्वी का उद्धार करने के लिए भगवान श्रीराम ने अवतार लिया। जन्म की लीला में श्रद्धालुओं ने रामस्तुति गाते हुए भगवान का स्वागत किया। रामजन्म के उपरांत रामचरितमानस मैदान से शोभायात्रा की शुरुआत हुई, जिसमें विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक झांकियों के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। छतरपुर विधायक ललिता यादव ने विशेष रूप से मातृशक्ति के साथ भगवान श्रीराम के रथ को खींचकर यात्रा का नेतृत्व किया। यह दृश्य श्रद्धा और नारीशक्ति के प्रतीक रूप में अत्यंत प्रभावशाली रहा। आयोजन में छतरपुर विधायक ललिता यादव के अलावा कई अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। हर वर्ग, हर आयु के लोग शोभायात्रा में राम भक्ति में सराबोर होकर चलते नजर आए। हजारों श्रद्धालुओं और नागरिकों ने शोभायात्रा में भाग लिया और मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा व जयकारों से स्वागत किया। शहर के महल तिराहा, छत्रसाल चौक, पठापुर तिराहा, फब्बारा चौक और हटवारा पर श्रीराम सेवा समिति के संयोजन में महाआरती हुई।

### मनमोहक रहीं भगवान के अवतारों की झांकियां

शोभायात्रा में बुंदेली संस्कृति के साथ-साथ भगवान के अवतारों की झांकियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। सबसे आगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश की झांकी रही और उनके ठीक पीछे धर्मध्वजा चली। इसके बाद रामदरबार सहित भगवान द्वारा पृथ्वी पर लिए गए सभी 10 अवतारों की झांकियां के रथ निकले। शोभायात्रा के अभिनंदन हेतु अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग समाजों के द्वारा आकर्षक स्वागत द्वार बनाए गए थे, जहां समाज की मातृशक्ति के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसी द्वार से अगले द्वार तक संबंधित समाज के लोगों को भगवान का रथ खींचने का अवसर मिला।

### मौनिया नृत्य और मातृशक्ति की भागीदारी बनी विशेष आकर्षण

शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहा बुंदेलखंड का पारंपरिक दिवारी नृत्य, जिसमें नर्तकों ने अपने मोहक और ऊर्जावान प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। मौनिया नृत्य करते हुए दिवारी दल पूरे नगर में शोभायात्रा के साथ चलते रहे। वहीं, प्रताप नवयुवक संघ के नेतृत्व में हुए पारंपरिक और आधुनिक शौर्य-कला प्रदर्शन ने लोगों को आकर्षित किया, वहीं मातृशक्ति की ऐतिहासिक भागीदारी इस वर्ष की सबसे खास बात रही। शोभायात्रा में डमरू, तलवार, झांझ, कटार, झंडा, मुगदर, ढोल, दंड, कराटे और मलखंभ जैसे पारंपरिक और शारीरिक शौर्य-कला दलों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। ये दल प्रताप नवयुवक संघ की ओर से शामिल हुए और नगरवासियों के बीच अपनी कला और शौर्य का परिचय देकर तालियां बटोरीं। दल के प्रतिभागियों ने चलते-चलते करतब दिखाए, जिनमें संतुलन, शक्ति और समर्पण के अद्भुत दृश्य देखने को मिले। विशेषकर मलखंभ और कराटे की टीमों ने अपने प्रदर्शन से युवाओं और बच्चों को रोमांचित किया। प्रताप नवयुवक संघ के सदस्य प्रदीप सेन ने बताया कि इस बार शोभायात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए महिलाओं ने स्वयं आगे आकर नेतृत्व किया। आयोजन में 1100 बहनें शामिल हुईं, जिन्होंने शोभायात्रा को धार्मिक गरिमा के साथ-साथ सामाजिक संदेश से जोड़ा।

### शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

शोभायात्रा का छतरपुर शहर में जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं और राजनीतिक दलों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ शोभायात्रा का अभिनंदन कर अपने श्रद्धा भाव व्यक्त किए। कोतवाली के समीप बालाजी मंदिर के सामने शुक्लाना मोहल्ला समिति ने रामभक्तों का जल-पान कराकर शोभायात्रा का स्वागत किया, वहीं लखेरा समाज ने शोभायात्रा का स्वागत बाजार क्षेत्र में भव्य फूलवर्षा और आरती के साथ किया। वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा जिला चिकित्सालय के बाहर श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। वैश्य समाज, छत्रसाल समिति और हिन्दू उत्सव समिति ने छत्रसाल चौक पर स्टॉल लगाकर शोभायात्रा का जोशपूर्ण स्वागत किया। कांग्रेस कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा का स्वागत कर एकजुटता और धर्मनिष्ठा का परिचय दिया। वहीं भाजपा कार्यालय के बाहर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भगवान श्रीराम के जयकारों और पुष्पवर्षा से शोभायात्रा को नमन किया। योगा स्टार परिवार ने जवाहर रोड पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया और योग व संस्कृति के समन्वय का संदेश दिया।

### सुरक्षा के रहे विशेष इंतजाम

रामनवमी के इस बड़े आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। डीआईजी ललित शाक्यवार ने स्वयं सीसीटीवी कंट्रोल रूम से शोभायात्रा की निगरानी की और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सुनिश्चित किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक अगम जैन के नेतृत्व में पुलिस बल, होमगार्ड, विद्यार्थी परिषद के वॉलंटियर्स और समिति सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रही।

### यह रहा शोभायात्रा का रूट

शोभा यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर गांधी चौक से होते हुए कोतवाली होकर महल तिराहा से गुजरते हुए छत्रसाल चौराहा पहुंची, जहां पन्ना रोड और सागर रोड की झांकियां एकत्रित हुईं। छत्रसाल चौराहे से एकत्रित सभी झांकियां आकाशवाणी तिराहे से होते हुए बस स्टैंड पहुंची और यहां से बस स्टैंड के फव्वारा चौक होते हुए हटवारा, चौक से पुनः रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

### खजुराहो में भी निकली शोभायात्रा

जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के अन्य शहरों में भी धार्मिक कार्यक्रमों के साथ शोभायात्राएं निकाली गईं। पर्यटन नगरी खजुराहो में शोभायात्रा का आयोजन हुआ, जो मतंगेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के ललगांव, मंजूर नगर, सेवाग्राम, पुरानी बस्ती तथा मुख्य बाजार पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। खजुराहो व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेश सोनी के नेतृत्व में शोभायात्रा में सम्मिलित लोगों को जलपान कराया गया, तो वहीं टैक्सी यूनियन संघ, गाइड एसोसिएशन, टूरिस्ट ट्रेड से जुड़े हुए लोग तथा अन्य कई और समुदायों के लोगों के अलावा कई सामाजिक संगठन एवं विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने शोभायात्रा में सम्मिलित लोगों को जलपान कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ मतंगेश्वर महादेव मंदिर के सामने पीपल के पेड़ के नीचे सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे, यात्रा में प्रमुख रूप से राजनगर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अरविंद पटैरिया तथा नगर परिषद खजुराहो के अध्यक्ष अरुण कुमार पप्पू अवस्थी सहित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा श्री राम सेवा समिति के सदस्यों के अलावा नगर के बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी सम्मिलित रहे।

# खनिज विभाग की अनदेखी से ओवर लोडिंग रेत का कारोबार चरम पर, नियम कायदों को ताक में रखकर वाहनों में प्लेट लगाकर ढोई जा रही है बालू, जिम्मेदारअमले की सहभागिता से आम जनता लूट का शिकार

रीवा

जिले के साथ - साथ पुरे प्रदेश मे आवास निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर कच्चे मकान को पक्के मकान बनाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है, वही निर्माण कार्य में बालू मुख्य भूमिका निभा रहा है, रीवा जिले में बालू की खेप सीधी व ब्यौहारी शहडोल से आती है, जहां रीवा के बालू व्यापारी डंपिंग यार्ड में बालू को जुगाड़ वाले वाहनों में भरकर बिक्री कर जनता को चुना लगाने का काम कर रहे है। बता दे कि रीवा जिले में इस समय जुगाड़ लगाकर प्लेट लगे वाहनों की भरमार देखी जा सकती है इस तरह के वाहन का उपयोग केवल काला बाजारी के लिए वाहन स्वामी कर रहे है इस काम में सफेदपोस नेता से लेकर अधिकारी व ट्रांसपोर्ट संघ भी संलिप्त नजर आते हैं, वही कार्यवाही के लिए पीठ थप थापा रहे अधिकारी केवल खाना पूर्ति में ही सीमित है चाहे परिवहन





विभाग हो या खनिज विभाग केवल मोटी रकम तक सीमित रह गए है, जैसे रकम मिली वैसे ही अवैध काम वैध हो जाता है। बता दे कि आम आदमी रात दिन मेहनत कर पैसे कमाते है, और घर निर्माण का सपना देखते हुए निर्माण कार्य शुरू करते है, तो डकैतों की भांति यह माफिया लोगो की जेब में डकैती डाल कर अपनी तरक्की करने में जुट जाते है, इन्ही का देखा सीखी और छोटे छोटे माफिया तैयार हो रहे है रीवा में जगह जगह रेत के भंडार व गिट्टी के भंडार देखने को मिल जाता है अगर कोई अनजान व्यक्ति इनके पास जाता है तो ये बड़ी - बड़ी वाहनों को दिखा कर डकैती डालने का काम करते है,वही बात हाइवा की कर डम्फर के बराबर रेत या गिट्टी गिरा कर मोटी रकम हजम कर रहे है। बॉक्स इस तरह से करते हैं धोखाधड़ी दरअसल इन दिनों इस तरह के माफिया बाजार में सक्रिय हो गए हैं जो लोगों को चुना लगाने के लिए अब नई तरकीब से काम करते हुए अधिक मात्रा में मटेरियल दिखाकर कम मात्रा का मटेरियल उनके घर तक पहुंचाते हैं और इस कालाबाजारी को अंजाम देने के लिए माफियाओं के द्वारा अपने वाहनों में छुपी हुई लोहे की प्लेट लगाई गई है जिससे लोगों को दिखने वाला हैवी हाइवा वाहन डंपर में तब्दील हो गया है और लोग उसे हाइवा वाहन मानकर ही अपने घर का मटेरियल क्रय कर लूट का शिकार हो जाते हैं। बॉक्स रोकथाम करने वाला विभाग भी संलिप्त आपको बता दें कि इस तरह की कालाबाजारी रोकने के लिए शासन द्वारा खनिज विभाग या फिर परिवहन विभाग को तैनात किया गया है किंतु कहा जाए तो यह विभाग अपना काम भूल इन माफियाओं के साथ सेटिंग कर इसको बढ़वा देने का काम करते है, जिसके कारण इन वाहन मालिकों पर प्रशासन की मेहरबानी बनी रहती है और बिना किसी रोक टोक के ही यह माफिया अपने काम में मशगूल रहते हैं।बॉक्स बिना किसी परमिशन के टमस नदी का सीना छलनी कर रहे रेत माफिया जिले के त्योंथर तहसील क्षेत्र अंतर्गत टमस नदी में रेत माफियाओं ने आतंक फैला कर रखा है जहां खनन माफिया दिन रात रेत का अवैध उत्खनन कर रहे है, वही प्रशासनिक अमला इस पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने के बजाय मूकदर्शक बनकर बैठा हुआ है। टमस नदी के भीतर माफियाओं के द्वारा हैवी मशीनें लगाकर रेत का उत्खनन करके बिना परमिशन के ही उसका भंडारण और परिवहन किया जा रहा है और जिम्मेदार लेवल जांच की बात कर अपना पल्ला झाड़ रहे है। बताया जा रहा है कि नौका के माध्यम से नदी के पानी में चारों ओर रस्सी बांधकर उसमें मशीनों का जाल बिछाया गया है। मोटर पाइप के माध्यम से नदी के पानी को बाहर फेंकते हुए रेत जुटाई जाती है। जिसके बाद उसका अवैध रूप से भंडारण और परिवहन भी किया जा रहा है, मिली जानकारी अनुसार एक नाव दिन भर में तीन ट्रॉली से भी अधिक रेत निकाली रही है। इस हिसाब से दर्जनों नावें रोजाना लगभग 1200 घन मीटर रेत का अवैध उत्खनन कर रही हैं। नदी के किनारे जमा की गई इस रेत को ट्रैक्टरों के माध्यम से बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे सरकार को प्रतिदिन लगभग 25 से 30 हजार रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि 2 वर्ष से अधिक का समय बीत गया है जब से प्रशासनिक अमले के द्वारा माफियाओं पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई जिसकी वजह से अब बड़ी ही सक्रियता के साथ खनन माफिया बेखौफ होकर रेत का अवैध खनन करने में जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री ने चिरहुला नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीराम नवमी के अवसर पर श्री चिरहुलानाथ स्वामी जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने विप्र सेवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं उपस्थित जनों को श्रीराम नवमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पूर्व महापौर राजेंद्र ताम्रकार एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार बाइक मे टक्कर से दपंति सहित पुत्री घायल, सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सांव मोड के पास हुआ हादसा



**रीवा**। जिले सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव से रीवा शहर आ रहे बाइक सवार पति-पत्नी और बेटी को सामने से आये तेज रफ्तार अन्य बाइक के चालक ने जोरदार ठोकर मारी है। इस हादसे में बाइक सवार दम्पत्ति और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सड़क हादसा सेमरिया थाना क्षेत्र के बीड़ा स्थित सांव के समीप बताया गया है। जानकारी अनुसार सेमरिया निवासी अब्दुल कलाम शुक्रवार की शाम अपनी पत्नी सलमा बानो और पुत्री को बाइक में लेकर रीवा की ओर आ रहे थे। बताते हैं कि बाइक सवार जैसे ही सांव के समीप पहुंचे तभी सामने से आये तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक ठोकर मार दिया। इस हादसे में दम्पत्ति समेत उनकी पुत्री सड़क पर जा गिरी जिससे सभी को गंभीर चोट आई है। हादसा देख वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को संजय गांधी अस्पताल भेजा है जबकि हादसे को अंजाम देने बाला बाइक सवार मौके से भाग निकला।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, पांच घायल

शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की सुबह गड्डी रोड स्थित लक्ष्मणपुर के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में पांच लोग घायल हुए हैं। एक बाइक में दो सगे भाई सवार थे तो दूसरी बाइक में एक ही परिवार के तीन लोग बैठे हुए थे। हादसे में घायल दोनों बाइकों में सवार पांच लोगों को 108 एम्बुलेस की मदद से संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान एक बाइक में सवार टीकर निवासी नरेन्द्र गुप्ता एवं उसका भाई शिवम गुप्ता बताया गया है जबकि एक अन्य बाइक में एक ही परिवार के तीन सदस्य सफर कर रहे थे। सभी का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है।

### नरवाई जलाने पर लगेगा 15 हजार रूपए का अर्थदंड

**कटनी**। जिले में फसल अवशेष नरवाई जलाने पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हुआ है। इसके बाद भी यदि कोई किसान या व्यक्ति नरवाई में आग लगाते हैं तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति स्वरूप अर्थदंड का प्रावधान किया गया है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनीष मिश्रा ने बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के विरूद्ध 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 2500 रूपये का अर्थदंड प्रति घटना देना होगा। इसी प्रकार 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 5 हजार रूपये का अर्थदंड प्रतिघटना देना होगा। जबकि 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को नरवाई में आग लगाने की प्रति घटना पर 15 हजार रूपये का अर्थदंड देना होगा।

# पुस्तक मेला: अभिभावकों को नहीं मिली किताबें, खानापूर्ति तक सीमित रह गया मेला

**रीवा** । जिले मे विद्यार्थियों को रियायती दर पर किताबें और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए रीवा में मानस भवन में दो दिवसीय पुस्तक मेला लगाया गया, पुस्तक मेला चार और पाँच अप्रैल को सबुह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित हुआ, जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर किताबें मिलने का दावा किया गया था, प्रथम दिवस रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मेले में पहुंच कर फीता काट उद्घाटन किया और मेले का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली थी। किंतु प्रशासन द्वारा किए गए दावे खोखले नजर आए है, पुस्तक मेले में छात्रों के अभिभावकों को सभी स्कूलों की किताबें नहीं मिल पाई,स्कूल शुरू होने के साथ ही किताब व ड्रेस दुकानदार द्वारा अभिभावकों को महंगे महंगे दामों में किताबें व ड्रेस उपलब्ध कराया जाता है हर होने वाली इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए जिला प्रशासन ने पुस्तक मेले का आयोजन कराया हैं जहां हर स्कूलों की किताबें और ड्रेस 10 प्रतिशत कि छूट के साथ वाजिफ दामों में उपलब्ध करने की व्यवस्था बनाई गई, मेले में किताबों और स्कूल ड्रेस के सभी विक्रेता अपना स्टाल लगाएं हुए है, वही दुकानदार किसी तरह की बेइमानी न करे इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मेले के प्रत्येक काउंटर पर कर्मचारी भी तैनात किया गया था वही मेले में सभी कक्षाओं की पूरी किताबों की बिक्री अनिवार्य कि गई है, किंतु प्रशासन द्वारा किए गए व्यवस्था व दावा की जमीनी हकीकत कुछ और नजर आई, छात्रों के लिए जरूरी किताबें मेले से गायब मिली, वही अभिभावकों द्वारा जब किताबें मेले में लगे स्टॉल संचालकों से मांगी गई तो उनके द्वारा दुकान का पता दिया गया। वही अभिभावको द्वारा बताया गया कि पुस्तक मेले में किताबें एवं अन्य सामग्री बाहर से ज्यादा कीमती दामों पर मिल रही है। बताया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में ही दुकान संचालकों द्वारा अभिभावकों को किताबें न होने की बात कहते हुए अपनी दुकान



का विजिटिंग कार्ड दिया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि यहां जो छूट दी जाएगी वह भी दुकान में मिलेगी। दुकान संचालकों से किसी भी अधिकारी द्वारा यह नहीं पूछा जा रहा कि वह अभिभावकों को किताबें क्यों नहीं दे रहे। सबसे बड़ा सवाल अगर दुकान में किताबें मिल रही है तो फिर पुस्तक मेले में क्यों उपलब्ध नहीं है।बॉक्स मेले में कोचिंग सेंटर संचालको को अपनी मार्केटिंग करने का मिल गया मौकापुस्तक मेले में अभिभावकों को भले ही कुछ फायदा न नजर आया हो, लेकिन यहां कई कोचिंग सेंटरों द्वारा अपनी मार्केटिंग जरूर कर ली। यहां कोचिंग संस्थानों के कर्मचारी पंपलेट, पोस्टर के साथ अभिभावकों और छात्रों से संपर्क करते नजर आए। जिस उद्देश्य को लेकर पुस्तक मेले क आयोजन किया गया था वह पूरा होता दिखाई नहीं दिया।

# एनडीपीएस मामले में फरार ईनामी तस्कर गिरफ्तार सिरमौर पुलिस ने चाकघाट पुलिस की मदद से आरोपी को पकड़ा



**रीवा**। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप के साथ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसका बाद प्रकरण में एक आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, वही पूरे मामले में आरोपी की पतासाजी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 8 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था, जिसके बाद सिरमौर पुलिस ने चाकघाट पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनामी आरोपी सुशील मांझी पिता अनंत लाल मांझी 22 वर्ष निवासी ग्राम डीह थाना सोहागी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। सिरमौर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने बताया कि 12मई 2024 की कमरहट सिरमौर के पास सुब्रत द्विवेदी, देवांस पांडे,अभिषेक तिवारी, जुली उफर्.चंद्रप्रकाश साकेत को 2 बोरी में 530 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। आरोपियों ने पूछतांछ पर सुशील चौधरी निवासी डीह से उक्त नशीली कफ सिरप लेकर बिक्री करने की बात बताई थी, जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी लेकिन वह फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## शहर में बढ़ रहे आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिये निगम ने कसी कमर



**रीवा** । शहर में बढ़ रहे आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण हेतु डाग स्टेरलाइजेशन (आवारा कुत्तों के बधियाकरण) का अभियान चलाया जा रहा है। इस सबंध में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा 04 अप्रैल को संयुक्त संचालक वेटनरी रीवा संभाग, सिविल सर्जन वेटनरी रीवा संभाग, अधिष्ठाता पशु चिकित्सालय जिला रीवा एवं सभी गैर सरकारी संगठन जो पशु संबंधी कार्य से जुड़े है उनके साथ बैठक की गई। बैठक में निगम आयुक्त ने कहा कि डाग की शिकायत यदि नगर निगम के कन्ट्रोल रूम में आती है तो उसकी सम्पूर्ण जानकारी बनाई जाय। नगर निगम की अनउपयोगी भवन को डॉग के बधियाकरण हेतु ओटी रूम बनाया जाय। साथ ही एनिमल वर्थ कन्ट्रोल रूल 2023 के नियम के तहत बधियाकरण एवं बधियाकरण पश्चात 15 दिवस तक अनुभवी डाक्टरों की निगरानी में डाग की मानीटरिंग किया जाय एवं जिस स्थान से डाग को उठाया गया था उसी स्थान में बधियाकरण पश्चात छोड़ दिया जाय। साथ ही डाग बधियाकरण में उपयोग हो रही दवाईयों की गुणवत्ता पर खास ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की अपने घर के सामने बेजुवान जानवरों के लिये पानी की व्यवस्था अवश्य करें।

## स्वच्छता की बात अपनों के साथ कार्यक्रम में सफाई मित्रों का हुआ सम्मान

रीवा ।



स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत निकाय स्तर पर सफाई मित्रों का जागरूकता सह क्षमतावर्धन कार्यशाला ₹स्वच्छता की बात अपनों के साथ का आयोजन 04 अप्रैल 2025 को बाके बिहारी गार्डेन, शिवनगर रीवा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर नगर निगम के विभिन्न पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, जीएफ्सी स्टार रेटिंग एवं ओडीएफ प्रमाणीकरण हेतु विभिन्न मापदण्डों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यशाला में सफाई मित्रों के लिये हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया गया जिसमें सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। निगम आयुक्त ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था में स्वच्छता मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान है। स्वच्छता मित्र वर्षा हो या फिर कोई त्योहार हो अपने कार्य को लगन के साथ करते है, इसलिये स्वच्छता का क्रेडिट भी इन्हीं को जाता है। कार्यशाला में सफाई मित्रों, स्वच्छता सहयोगियों को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया एवं उपस्थित प्रतिभागियों से शहरी स्वच्छता पर उनका सुझाव व फीडबैक भी प्राप्त किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी श्रीमती रूपाली द्विवेदी द्वारा कार्यशाला के सफल सम्पादन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा, पार्षद अम्बुज रजक, श्रीमती अमिता सिंह, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, संभागीय अधिकारी पीआईयू धीरेन्द्र दुबे, एसबीएम सहायक नोडल अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी, स्वच्छता कार्य से जुड़ी नगर निगम की सहयोगी संस्थायें, अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा एवं सभी सफाई मित्र मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालय में पढ़ने गई छात्रा छत से गिरी पैर फैक्चर, पुलिस कर रही पूरे मामले की जांच



**रीवा**। शहर के विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की बिल्डिंग से अचानक एक छात्रा के गिरने का मामला सामने आया है,छात्रा का घटना में एक पैर फैक्चर हो गया है। घायल छात्रा को घटना के बाद संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दे कि छात्रा के पिता द्वारा छात्रा को विश्वविद्यालय की बिल्डिंग की छत से धक्का देने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि छात्रा रोजाना की तरह विश्वविद्यालय गई थी जहां वह छात्रा छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा के पिता का आरोप है कि उसे छत के ऊपर से धक्का देकर गिराया गया है, जिसकी पिता द्वारा जांच की मांग की जा रही है। घटना के संबंध में बोदाबाग निवासी महेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि उनकी पुत्री स्नेहा तिवारी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में बीएससी बीटेक की छात्रा है। उन्होंने बताया कि वह रोजाना की तरह आज भी पुत्री को विश्वविद्यालय छोडने गए थे, जहां से वापस लौट के कुछ ही देर बाद फोन पर छात्रा के छत से गिरने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे पिता ने घायल हुई पुत्री को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया है और उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रा को विश्वविद्यालय की बिल्डिंग के पहले माले की छत के ऊपर से किसी ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे छात्रा के पैर फ्रैक्चर हुए हैं और उसे गंभीर चोटे भी आई है। घायल छात्रा के पिता का कहना है कि भविष्य में इस तरह की घटना ना हो और दूसरी छात्राएं इस तरह की घटना का शिकार ना हो जिसके लिए जांच कराई जानी चाहिए।

## रामनवमीं के पावन पर्व पर शहर में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा, 40 साल की परंपरा का हुआ निर्वहन



**रीवा** । पूरे देश के साथ साथ रीवा शहर में भी रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। रीवा किला परिसर से भगवान राम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ फोर्ट रोड, प्रकाश चौराहा होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा, शोभायात्रा का जगह-जगह राम भक्तों ने स्वागत किया। बता दे रामनवमी उत्सव समित द्वारा रीवा में शोभा यात्रा निकाली गई जिसकी शुरुआत रीवा किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर से हुई। विगत 40 वर्षों से रामनवमी उत्सव समित द्वारा यह शोभा यात्रा परंपरागत तरीके से निकाली जाती आ रही है। शहर के मुख्य मार्गों से यह शोभा यात्रा निकाली जा रही है जिसमे विशालकाय गदा सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र है। इस शोभा यात्रा में पुरुषों के साथ ही काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल रही, शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया राम भक्तों द्वारा भंडारे के साथ ही शर्बत और पानी की भी व्यवस्था की गई है।

## नईगढ़ी संलग्न की गई एपीओ के भ्रष्टाचार की हो जांच -सरपंच संघ



**मऊगंज**। जनपद पंचायत मऊगंज में कई वर्षों से एपीओ मनरेगा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पदस्थ थी जिनकी रिश्वत लेने भ्रष्टाचार और अपमानित करने वाली कई शिकायतें और वीडियो वायरल हो चुके हैं विगत दिनो हितग्राही से पौधरोपण के बदले 3500 की रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर जिला पंचायत द्वारा जांच दल गठित किया गया किंतु इस बीच मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर संजय जैन ने सभी पदों से मुक्त करते हुए जनपद पंचायत नईगढ़ी संलग्न किया गया है इसी बीच जनपद मऊगंज के सरपंच संघ अध्यक्ष विनय सिंह द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर यह मांग की गई कि नईगढ़ी संलग्न किए गए एपीओ द्वारा मऊगंज जनपद और पंचायतों में किए गए भ्रष्टाचार अपमान और हेरा फेरी सहित रिश्वत लेते वायरल वीडियो की उच्च स्तरीय जांच हो सरपंच संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में उन्हें पद से हटाने और किए गए भ्रष्टाचार की प्रमुखता से जांच हो ज्ञापन देने वालो में सरपंच बेलहाई खुर्द पहाड़ी निरुपति सिंह उमरी ऊधौपुरवा पिपराही रतनगवां खास देवरी शिवमंगल सिंह बमुरिहा इंद्र दत्त अमोखर सहित दर्जनों सरपंचों ने सरपंच संघ अध्यक्ष के साथ जनपद मऊगंज की पूर्व एपीओ नीतू सिंह द्वारा ग्राम पंचायतों में किए गए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की गई है0

## हाई वोल्टेज करंट से टकराई बोरिंग मशीन, चपेट में आने से झुलसा मजदूर

### करंट की चपेट में आए मजदूर की हालत गंभीर, चिकित्सकों ने किया रीवा रेफर



**मऊगंज**। जिले की नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत उस समय एक मजदूर हाई वोल्टेज विद्युत करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया जब चलती बोरिंग मशीन हाई वोल्टेज विद्युत तार से टकरा गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार नईगढ़ी थाना क्षेत्र के बंधवा गांव से देवतालाब की तरफ जा रही बोरिंग मशीन देवरी एवं जुड़मनिया के बीच 11हजार हाई वोल्टेज विद्युत प्रवाहित तार से टकरा गई जिसके कारण मशीन में करंट फैल गया और करंट की चपेट में आने से जय कुमार अगरिया पिता रामगोपाल अगरिया उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गजरी थाना मझौली जिला सीधी बुरी तरह झुलस गया। करंट से झूलसे मजदूर को बोरिंग मशीन संचालक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। जहां मजदूर की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत घायल संजय गांधी अस्पताल रीवा के लिए रेफर कर दिया है।*कानून को ताक में रखकर चल रही बोरिंग मशीने*बताया गया है कि जिस मार्ग से बोरिंग मशीन गुजर रही थी वहां सड़क के किनारे लटकता हुआ हाई वोल्टेज विद्युत प्रवाहित तार जिसे चालक ध्यान नहीं दे पाया और बोरिंग मशीन विद्युत तार से टकरा गई और करंट फैलने के कारण दुर्घटना घट गई। गौरतलब है कि वर्तमान समय में जिला प्रशासन द्वारा बोरिंग खुदाई में प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन जिला प्रशासन के आदेश को दरकिनार कर क्षेत्र में बोरिंग मशीन चल रही हैं। शायद प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश का बोरिंग मशीन संचालकों एवं कथित दलालों द्वारा पालन किया गया होता और बोरिंग मशीन चालक द्वारा लापरवाही न बरती गई होती, साथ ही विद्युत विभाग द्वारा जगह-जगह लटकते तारों का सुधार किया गया होता तो शायद इतनी बड़ी दुर्घटना ना घटती। बताया गया है कि करंट की चपेट में आए मजदूर के पैर की उंगली कट गई है वहीं कई जगह गंभीर रूप से झुलस गया है।